रोहतक
सोमवार, 8 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 309
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 26.7
न्यून. 4.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 निशानेबाजी में सिमरनप्रीत ने गोल्ड और तोमर ने रजत पदक जीता

## इंडिगो संकट

छठे दिन 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल, यात्रियों को हुई परेशानी

# एयरलाइंस ने 610 करोड़ रिफंड किए 3000 यात्रियों के लगेज भी लौटाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले 5 दिन से चला आ रहा इंडिगो संकट छठे दिन भी जारी रहा। रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई। हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95% रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 दूरी पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा। देश के प्रमुख हवाई अड्डों दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स प्रभावित रही। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया। कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा लगेज भी लौटाए दिए।

**केंद्र के निर्देश- नियमों का सख्ती से पालन हो**

*एयरलाइंस का दावा-95 फीसदी रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल, हमें लोगों का भरोसा जीतने में समय लगेगा*



### डीजीसीए का जांच पैनल 15 दिन में सौंपेगा रिपोर्ट

डीजीसीए ने मौजूदा संकट के पीछे कारणों का पता लगाने के लिए चार सदस्यों का एक जांच पैनल बनाया है। कमेटी में डीजीसीए के जॉइंट डायरेक्टर जनरल संजय के ब्रम्हाने और डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित गुप्ता, सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन कपिल मांगलिक और फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन रामपाल शामिल हैं। पैनल 15 दिन के अंदर रिपोर्ट और सुझाव देगा ताकि जरूरी कार्रवाई की जा सके।

### इंडिगो के पास सबसे ज्यादा प्लेन, इसलिए ज्यादा असर

एयरलाइन दिन भर में लगभग 2,300 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें ऑपरेट करती है। यह संख्या एअर इंडिया के एक दिन में संचालित उड़ानों की लगभग दोगुनी है। इतने बड़े पैमाने पर यदि 10–20 प्रतिशत उड़ानें भी देर से चलें या रद्द हों, तो इसका मतलब होता है 200–400 उड़ानें प्रभावित होना। हजारों यात्रियों के लिए बड़ी मुश्किलें आना। इंडिगो की उड़ानें प्रभावित होने से यह संकट बढ़ गया।

### सरकार के ये आदेश

- कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगा।
- अगले 48 घंटों में यात्रियों के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।
- कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से संकट के चलते एक्शन क्यों न लिया जाए।
- जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा।
- बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी।
- एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपये तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज करेंगे वंदे मातरम् पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे।



इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है। लोकसभा में 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा' सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे। *एजेंसी*

### 2.36 करोड़ के इनामी 10 नक्सलियों का सरेंडर

**बालाघाट।** नक्सल इतिहास में पहली बार 10 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के



सामने अपने हथियार सौंपकर आत्मसमर्पण किया। इसमें 62 लाख रुपये के इनामी हार्डकोर नक्सली सुरेंद्र उर्फ कबीर भी शामिल हैं। सभी 10 नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल 2 करोड़ 36 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इनमें चार महिला और छह पुरुष नक्सली हैं। *एजेंसी*

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के घने जंगल में रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर एक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने थाथरी के भल्लारा वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जंगल के अंदर एक ठिकाने से एक राइफल, उसकी दो मैगजीन और 20 राउंड बरामद किए गए। अंतिम सूचना मिलने तक अभियान जारी था। *एजेंसी*

### पाक से हथियार तस्करी मॉड्यूल का खुलासा

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पांच पिस्तौल बरामद की गई हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी अपने वांछित सहयोगी सैफली सिंह के साथ मिलकर पाकिस्तान स्थित एक आका के निर्देश पर हथियारों की खेप प्राप्त कर रहा था और पंजाब में अपराधियों और गैंगस्टर को इनकी आपूर्ति कर रहा था। *एजेंसी*

### दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वालों पर 7 करोड़ जुर्माना



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्रदूषण फैलाने वाली सरकारी एजेंसियों पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1,756 निर्माण साइट्स के निरीक्षण किए और 556 नोटिस जारी कर 7 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही 48 निर्माण स्थलों को बंद किया गया है। *एजेंसी*

*गोवा में देर रात पटाखे फोड़ने से लगी आग, करीब 100 लोग कर रहे थे डांस*

# नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट, 25 की मौत, 6 घायल, मैनेजर समेत 4 गिरफ्तार



**4 टूरिस्ट समेत 18 लोगों के शवों की पहचान की गई, अभी तक 7 की पहचान नहीं हो पाई**

**तीन लोगों की मौत जलने और बाकी की दम घुटने से हुई शुरुआती जांच में पटाखों से आग लगने की बात सामने आई**

एजेंसी ▶▶ पणजी

गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब के मैनेजर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। यह इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और स्थानीय विधायक माइकल लोबो मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 3 लोगों की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई है। हादसे की पूरी जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया**

शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक टीम आग की असली वजह की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होगी।

### किचन से शुरू हुई आग सीढ़ियों पर मिले शव

गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा- आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई। चश्मदीद फातिमा शेख के मुताबिक, आग लगते ही अंदर जोरदार भगदड़ मच गई।

### मृतकों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा, शुरुआती जांच के मुताबिक पटाखे फोड़ने से आग लगी। मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदीन ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है।

### राष्ट्रपति व पीएम ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से लोगों की मौत होने पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुःख जताते हुए कहा कि मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "उत्तरी गोवा जिले में हुई आग लगने की इस दुखद घटना से मुझे गहरी पीड़ा हुई है। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करे।

**25 हजार फर्जी आवेदन रद्द**

# पुरुषों ने भी महिला बनकर किए लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार की घोषणा और 'लाडो लक्ष्मी योजना' में पैसा मिलने की चाहत के चक्कर में साथ लगते पड़ोसी राज्यों से भी लोगों ने इसमें आवेदन कर दिए। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में जो लोग पात्र नहीं हैं, उन्होंने भी इसके लिए आवेदन कर डाले। जांच पड़ताल के बाद खुलासा हुआ कि कुछ पुरुषों ने भी महिलाओं की फोटो लगाकर फॉर्म भर डाला। शुरुआत में इसे तकनीकी कारण बताया जा रहा था लेकिन बाद में जांच पड़ताल के साथ ही लगभग 25 हज़ार आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार कुल 9 लाख 592 हज़ार महिलाओं ने आवेदन किया था, जबकि वास्तविक पात्र महिलाओं की संख्या 7 लाख के आसपास पाई गई है।

- साथ लगते राज्यों से भी भर दिए गए लाडो लक्ष्मी योजना के फार्म



**अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश स्कीम में 7 लाख महिलाएं दायरे में आ रही**

### बाहरी राज्यों से आवेदन

पड़ोसी राज्यों से भी कई महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाने की कोशिश की, लेकिन सत्यापन के दौरान उनका आवेदन अयोग्य पाया गया, इसके साथ ही उनके आवेदन भी रद्द कर दिए गए हैं। राजस्थान और पंजाब, यूपी दिल्ली से भी बड़ी संख्या में आवेदन किए गए थे।

### हेराफेरी करने वालों पर होगी कार्रवाई

सरकार ने फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट जारी कर दिया है। विभाग और क्रिड संस्था पूरे मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। फर्जी डोमिसाइल और फैमिली आईडी में हेराफेरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश दिया कि इन सभी फर्जी आवेदनों को तुरंत खारिज कर दिया जाए।

## व्यापारी से 30 करोड़ ठगने का आरोप फिल्म मेकर विक्रम भट्ट गिरफ्तार



पुलिस ने साली के घर से पकड़ा

पत्नी की बायोपिक बनाने के नाम पर ठगी

**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को मुंबई और राजस्थान पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उन पर उदयपुर के एक व्यापारी से 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस टीम ने मुंबई के यारी रोड इलाके के गंगा भवन अपार्टमेंट से उन्हें पकड़ा यह घर उनकी साली का है। अब राजस्थान पुलिस उन्हें अपने साथ उदयपुर ले जाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी।

**आठ लोगों पर एफआईआर**

राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया और कहा कि फिल्म के जरिए पूरा देश उनकी पत्नी के योगदान को जान पाएगा। उनकी मुलाकात फिल्ममेकर विक्रम भट्ट से कराई गई थी। बातचीत के दौरान तय हुआ था कि वे फिल्म बनाएंगे।

**एसपीसी की मांग को लेकर पेंच**

## आज से 2 दिन के सामूहिक अवकाश पर जाएंगे डाक्टर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज़ एसोसिएशन (एचसीएमएस) की ओर से 8 और 9 दिसंबर को डाक्टर सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। आला अफसरों से शुक्रवार को हुई बातचीत सिरे नहीं चढ़ने से डाक्टर वर्ग निराश है। हड़ताल के दौरान कैज़ुअल्टी, लेबर रूम, इमरजेंसी ऑपरेशन, पोस्ट-मॉर्टम और अन्य सभी आपात सेवाएं पहले की तरह चलती रहेंगी। एसोसिएशन अध्यक्ष डा. राजेश ख्यालिया ने बताया कि सीधी एसएमओ भर्ती पर रोक और पिछले वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित संशोधित एससीपी (अडवांस्ड करियर प्रोग्रेशन) को मांग रखी है।

- स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बुरी तरह प्रभावित

**पॉपुलर की नर्सरी में अर्धनग्न अवस्था में मिला शव**

## यमुनानगर में मिली युवती की सिर कटी लाश, दुराचार की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी-पांवटा नेशनल हाईवे से सटे पॉपुलर की नर्सरी में अर्धनग्न अवस्था में युवती की सिर कटी लाश पड़ी मिली। सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। आशंका जताई जा रही है कि युवती की दुष्कर्म करने के बाद हत्या की गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में युवती के सिर की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चला है। युवती की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



### हत्या कहीं, शव यहां फेंका

जगाधरी-पांवटा नेशनल हाईवे से करीब 100 दूरी पर यह लाश मिली है। ऐसे में अंदेशा है कि रात के वक्त हत्या के बाद लाश यहां फेंकी गई। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि मर्डर कहीं और किया गया। इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए यह फेंक दिया गया। जिस जगह लाश मिली है, उससे कुछ दूरी पर पर ही कलेसर नेशनल पार्क है। साथ ही यूपी की सीमा भी कुछ किलोमीटर की दूरी पर है

## गौरव खन्ना ने जीता बिग बॉस 19 का फिनाले, फरहाना रनर-अप



**मुंबई (एजेंसी)।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले गौरव खन्ना ने जीत लिया है, जबकि फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं। वहीं अमाल मलिक पांचवें, तान्या मित्तल चौथे और प्रणीत मोरे तीसरे स्थान पर रहे। फिनाले में शामिल होने के लिए कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे और करण कुंद्रा जैसे कई सितारे पहुंचे थे। बिग बॉस 19 की शुरुआत 24 अगस्त को हुई थी और हमेशा की तरह इस बार भी शो को सलमान खान ने होस्ट किया। गौरव को ट्रॉफी के अलावा 50 लाख रुपये धनराशि इनाम में मिली है। बिग बॉस 19 फिनाले के दौरान सलमान खान धर्मेंद्र को याद करते हुए भावुक हो गए। शो में धर्मेंद्र के पुराने वीडियो दिखाए गए, जिन्हें देखकर उनकी आंखों से आंसू निकल आए। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह भी आज फिनाले में शामिल हुए।

**महिला क्रिकेट की उपकप्तान और संगीतकार का 6 साल पुराना रिश्ता खत्म**

# स्मृति और पलाश की शादी टूटी, पोस्ट कर लिखा-मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं, अब आगे बढ़ने का वक्त

**दोनों ने एक-दूसरे को अनफॉलो किया**

*संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे। बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवंबर की सुबह स्मृति के पिता को हार्ट अटैक आने के बाद पोस्टपोन कर दी गई थी शादी*

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को घोषणा की कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है तथा उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अटकलों पर विराम लगाने का आग्रह किया, जबकि संगीतकार पलाश मुछाल ने पुष्टि की कि उन्होंने रिश्ते से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुछाल ने अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें तेज होने के बाद सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया।

**पोस्ट में लिखा, निजी जिंदगी का सम्मान करें**

### अटकलों पर लगाया विराम

स्मृति ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, "पिछले कुछ सप्ताह से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर अपनी बात रखना महत्वपूर्ण है।" खुद को एक "बेहद निजी इंसान" करार देते हुए मंधाना ने कहा कि चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत के कारण उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मजबूर होना पड़ा।



### जो सबसे पवित्र था, उस पर ऐसी बातें होना दुःखद

पलाश ने इंस्टा स्टोरी में लिखा- मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने और अपनी निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। मेरे लिए यह बहुत मुश्किल स्थिति रही है, खासकर तब जब लोग बिना किसी आधार के फैल रही अफवाहों पर इतनी आसानी से रिएक्ट करते हैं। जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्र थी, उसी पर ऐसी बातें होना बेहद दुखद है।

# समृद्ध आध्यात्मिक परंपराएं भारत को बना रही विश्व गुरु : सीपी. राधाकृष्णन

■ उप राष्ट्रपति ने गुरुग्राम में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती वर्ष के कार्यक्रम में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के ऋषियों, मुनियों और तपस्वियों की साधना ने विश्व को ध्यान, आत्मबल और सत्य के मार्ग पर अग्रसर किया है। राजयोग, विपस्सना और तपस्या जैसी समृद्ध आध्यात्मिक परंपराएं आज भारत को विश्व गुरु बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प में भी यही आध्यात्मिक शक्ति राष्ट्र का मार्गदर्शन कर रही है। उप राष्ट्रपति रविवार को गुरुग्राम जिला के बहोड़ा कलां में स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती वर्ष के शुभारंभ अवसर पर शुभारंभ - रश्मियां कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उप राष्ट्रपति ने इस अवसर पर ओम शांति संस्थान के रजत रश्मियां के नाम से मनाए जाने वाले रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ किया। उप राष्ट्रपति के हरियाणा आगमन पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने उनका स्वागत किया।



### धर्म का पालन शांति और विजय दोनों देता है

उप राष्ट्रपति ने कहा कि धर्म का पालन शांति और विजय दोनों देता है। मन को जीतना ही सफलता का प्रथम सूत्र है—यही गीता का संदेश है। जब तक हम भीतर सकारात्मकता, विनम्रता और सेवा-भाव नहीं अपनाते, तब तक मन की शांति संभव नहीं। तमिल परंपरा के महान कवि तिरुवल्लुवर ने कहा है—मन में लाखों विचार आते हैं, पर जीवन का अगला क्षण भी निश्चित नहीं। अतः चिंता नहीं, बल्कि सद्कर्म, सद्भाव और समाज-सेवा ही मनुष्य को सच्ची शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने मानवहित में संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

### मानवीय सोच भारत को वैश्विक शांति, करुणा और मानवता का मार्गदर्शक बनाती है: राधाकृष्णन




*उप राष्ट्रपति ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व के अनेक देशों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराना भारत की "वसुधैव कुटुम्बकम" की सनातन भावना का श्रेष्ठ उदाहरण है। खुद के लिए जीते हुए भी सबके लिए जीने की यही मानवीय सोच भारत को वैश्विक शांति, करुणा और मानवता का मार्गदर्शक बनाती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में सदैव केवल अपने ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के कल्याण का संदेश निहित है। उप राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि आध्यात्मिकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है—यह प्रत्येक मनुष्य के भीतर विद्यमान होती है, बस आवश्यकता है उसे पहचानकर जीवन में उतारने की।उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मनुष्य के जीवन में पारस्परिक द्वेष का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।*

## मुख्यमंत्री ने 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के दूसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत

# विज्ञान आधारित विकास मॉडल ही बनेगा देश की प्रगति का आधार

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्टूडेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी विलेज का किया उद्घाटन




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे विज्ञान को प्रयोगशालाओं की दीवारों से बाहर निकालकर उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। जब उनका ज्ञान एक किसान की फसल बढ़ाता है, जब शोध एक मरीज की बीमारी ठीक करता है, जब नवाचार एक उद्यमी को सशक्त करता है, तभी विज्ञान सही मायने में समृद्धि लाता है।

मुख्यमंत्री रविवार को पंचकूला के सेक्टर-5 में आयोजित चार दिवसीय 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के दूसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में स्टूडेंटस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विलेज का उद्घाटन किया। इस विलेज को आधुनिक भारत का नया नालंदा की संज्ञा दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों में गहरी रूचि दिखाई।



### विकसित राष्ट्र का संकल्प

साइंस फेस्टिवल का उल्लेख करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह पर्व विज्ञान, नवाचार, स्टार्ट अप ऊर्जा, भविष्य की तकनीक और नए भारत के सपनों का संगम है। उन्होंने कहा कि इस साइंस फेस्टिवल का थीम 'आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान से समृद्धि' अत्यंत प्रासंगिक है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र' बनाने का संकल्प रखा है। इस मौके पर वैज्ञानिक व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने छात्रों व वैज्ञानिकों से किया संवाद

युवा, छात्र और वैज्ञानिक देश की वह पीढ़ी हैं जो भारत को विकसित बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान केवल करियर नहीं है, राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। युवा, छात्रों और वैज्ञानिकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि वे ही भारत की वह पीढ़ी हैं जो भारत को विकसित बनाएगी। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों, शोध संस्थानों, उद्योग जगत और स्टार्ट-अप्स से अनुरोध किया कि सब मिलकर विज्ञान आधारित विकास मॉडल बनाएं, जो हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण जीवन दे, भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करे और पर्यावरण की सुरक्षा कर इस धरती पर सतत भविष्य सुनिश्चित करे।



### फेस्टिवल की मेजबानी मिलना गौरव की बात

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह का आभार प्रकट करते है कि उन्होंने इतने बड़े साइंस फेस्टिवल के लिए हरियाणा को दूसरी बार मेजबानी का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि इस 4 दिवसीय 'विज्ञान महाकुंभ' में देश-विदेश के 40 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख तथा उत्तर और पश्चिम राज्यों के युवाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि देश का हर क्षेत्र वैज्ञानिक प्रगति के पथ पर साथ चल सके।

### बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी वाली भाजपा सरकार आमजन के हितों की सच्ची रक्षक : नायब सिंह



**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में जल्द ही विभिन्न विभागों में भर्तियां की जाएंगी। जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए सरकार द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी वाली भाजपा सरकार आमजन के हितों की सच्ची रक्षक है। इसी के तहत बिना किसी भेदभाव के मेरिट आधार पर नौकरी दी जाती है और हमारे लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोकसभा में इस बात का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### स्वदेशी रथयात्रा को दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री ने कैथल के आरकेएसडी कॉलेज से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। इससे पूर्व मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा प्रदेश में स्वदेशी का प्रचार करेगी।

## असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में युवाओं का छीना हक : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती में एक बार फिर सरकार का हरियाणवी विरोधी चेहरा जगजाहिर हो गया है। अंग्रेजी सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) भर्ती



ने इस सरकार के हरियाणा विरोधी चेहरे को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है, भर्तियों लगातार अन्य राज्यों के युवाओं को तरजीह देने वाली सरकार ने इस बार 8 फीसदी हरियाणवियों का भी चयन नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सवाल लगातार कांग्रेस द्वारा सड़क से लेकर विधानसभा तक में उठाया जा रहा है। लेकिन आज तक बीजेपी जवाब नहीं दे पाई।भर्ती में भी 4,424 उम्मीदवारों ने आवेदन किया, जिनमें से 1,950 ने अंतिम लिखित परीक्षा दी, लेकिन साजिश के तरह सिर्फ 35% क्वालिफाइंग मार्क्स दिए गए। और 151 उम्मीदवार को ही पास किया गया। यहां तक कि यूजीसी और नेट, जेआरएफ क्वालिफाइड और पीएचडी धारक उम्मीदवार भी परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए।

## 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' में पुलिस ने 40 बदमाश पकड़े

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा पुलिस का राज्यव्यापी विशेष अभियान 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' अपराध और अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए लगातार प्रभावी परिणाम दे रहा है। 6 दिसंबरको इस सघन अभियान में पुलिस ने एक ही दिन में पूरे राज्य में 826 चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर छापेमारी की । पुलिस की इस आक्रामक कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय पैदा करना था, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस ने अलग-अलग जिलों में 106 नए आपराधिक मामले दर्ज किए और 167 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। अभियान की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि पुलिस ने कानून की गिरफ्त से दूर भाग रहे 40 फरार हिंसक अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की, जो पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बने हुए थे । अन्य राज्यों के साथ तालमेल बढ़ाते हुए हरियाणा पुलिस ने 158 इंटेलिजेंस रिपोर्ट साझा , जिससे अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिली। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## खबर संक्षेप



### विश्वास फाउंडेशन ने लोगों को बांटे कंबल

**चंडीगढ़।** बढ़ती ठंड को देखते हुए व सदैव मानवता की सेवा की भावना तथा समर्पण और सहयोग के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से 100 गर्म कंबल ठण्ड से बचाव हेतू चण्डी कुष्ट आश्रम सेक्टर 47डी चंडीगढ़ में रह रहे लोगों जरूरतमंदों को वितरित किए। कम्बल मिलते ही सभी के चेहरे पर राहत एवम खुशी झलक रही थी। इन बेसहारों तथा वंचितों पर सबकी नजर नहीं जा पाती।

### मिड-डे मील वर्कर ने ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** चार जिलों से आए सैकड़ों मिड डे मील वर्करों ने रविवार को फरीदाबाद के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के आवास के सम्मुख जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बीच में देश के प्रधानमंत्री के नाम केन्द्रीय राज्य मंत्री के पुत्र देवेंद्र चौधरी को मिड डे मील वर्कर्स और स्कीम वर्करों के 12 सूत्री मांगों के अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। आज के प्रदर्शन में नूंह, पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम की वर्करों ने भाग लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी वर्कर बडख़ल मोड़ पर एकत्रित हुई।

### पत्नी ने पति पर करवाया था हमला, चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पत्नी द्वारा पति के हाथ-पैर तुडवाने के एक मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने पत्नी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ललित निवासी जवाहर कालोनी ने थाना सारन में दी अपनी शिकायत में बताया कि 24 सितंबर की रात को जब वह ड्युटी जाने के लिये अपने घर से बाहर निकला तो कुछ नकाबपोश लोगों ने उस पर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने गुन्ना अरनव निवासी सेक्टर 30, हर्ष भाटी निवासी भारत कालोनी, अनिल निवासी सेक्टर 87 व श्वेता निवासी जवाहर कालोनी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि पत्नी ने पति को आरोपियों के साथ मिलकर हमला करवाया था।

### साइबर ठगों पर नकेल, 36 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। 29 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में 36 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है व 15 लाख से ज्यादा रुपए बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 22 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 36 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## किसानों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी से भाग रही सरकार : अनुराग ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि आज हरियाणा के किसान इतिहास की सबसे बड़ी आपदा और सत्ता की सबसे बड़ी लापरवाही के बीच पिस रहे हैं। 2025 की बाढ़ में 5.37 लाख किसानों की 31 लाख एकड़ फसल तबाह हो गई, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने न राहत दी, न मुआवजा दिया, न जमीनी जांच की। सिर्फ पोर्टल की नौटंकी करके जिम्मेदारी से भाग खड़े हुए। बीजेपी सरकार ने 30 नवंबर तक मुआवजा देने का वादा किया था। दिसंबर आ गया, लेकिन किसानों के खाते में एक फूटी कौड़ी तक नहीं पहुंची। 8 जिलों में गिरदावरी अधूरी पड़ी है और सबसे प्रभावित फतेहाबाद में 50- 60 करोड़ की फाइलें अटकी हुई हैं।

## थार से खतरनाक स्टंट, पैरों से चलाया स्टेयरिंग

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में तीन युवकों का एक खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन युवक एक पुराने मॉडल की ओपन थार में बैठकर सड़क पर खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। स्टंट करते समय एक युवक गाड़ी की स्टेयरिंग को अपने पैरों से चला रहा था, दूसरा युवक इसे मोबाइल से रिकॉर्ड कर रहा था, जबकि तीसरा युवक गाड़ी के पीछे खड़ा होकर स्टंट का हिस्सा बना रहा था। जानकारी के अनुसार यह वीडियो 5 दिसंबर शुक्रवार शाम का है। सेक्टर-65 में युवकों ने स्टंट किया। स्थानीय निवासियों ने इस खतरनाक हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया। युवकों की उम्र लगभग 18 से 20 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

### बल्लभगढ़ का मामला : दूसरे ने मोबाइल से रिकॉर्ड किया, तीसरा पीछे खड़ा था

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- पुलिस ने 7000 का चालान किया
- युवकों की आयु 18 से 20 के बीच

फरीदाबाद पुलिस को वीडियो मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए 6 दिसंबर को गाड़ी ड्राइवर का पोस्ट चालान किया। पुलिस ने कुल 7000 का जुर्माना लगाया और थार ड्राइवर के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 146/196 तथा 184/186 के तहत मामला दर्ज किया। इन धाराओं में बिना इंश्योरेंस वाहन चलाना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना और दूसरों की जान को खतरे में डालना शामिल है।

## फरीदाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, नहीं हुई पहचान

**फरीदाबाद।** एनएचसी रेलवे अंडरपास के नीचे शनिवार रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष आंकी गई है। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जीआरपी थाने के सब इंस्पेक्टर हीरालाल के अनुसार रात करीब 9 बजे पीसीआर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्रीन फील्ड की तरफ जाने वाले रास्ते पर अंडरपास के नीचे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। व्यक्ति के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक के कपड़ों और जेब की जांच की, लेकिन उसके पास से न तो कोई पहचान पत्र मिला और न ही मोबाइल फोन। इससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि मृतक के चेहरे और हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त थे, जिससे पहचान करना भी मुश्किल हो रहा है।

## विधानसभा सत्रः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक की अध्यक्षता करेंगे

# मंत्रिमंडल की बैठक आज, शीत सत्र बुलाने पर होगा मंथन, 18 या 26 से हो सकता है शुरू

विपक्ष कानून- व्यवस्था, लाडो लक्ष्मी योजना व भर्तियों का मुद्दा उठाने की तैयारी में

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तारीखों का एलान सोमवार को हो सकता है। मंत्री समूह की बैठक दोपहर 12 बजे बुलाई गई है, जिसकी अध्यक्षता सीएम करेंगे विस शीतकालीन सत्र को लेकर मंथन होगा, वैसे 18 दिसंबर इसके लिए संभावित तारीख हो सकती है। सर्दी में होने वाला इस बार का सत्र भले ही छोटा दो से तीन दिनों का रहेगा लेकिन पूरी तरह से गर्म गर्म रहने की तैयारी है। विपक्ष कानून व्यवस्था, नौकरी भर्तियों,नेताओं की सुरक्षा मामले, खिलाड़ियों की मौत, लाडो लक्ष्मी जैसी योजनाओं में खामियों को लेकर घेराबंदी की तैयारी में है। कुल मिलाकर इस बार विपक्ष कांग्रेस पूरी तरह से घेराबंदी की तैयारी में हैं।

### विस की परंपरा कायम रहने की संभावना

*शीतकालीन सत्र को लेकर मंत्री समूह की बैठक में विचार मंथन के बाद तारीख पर मुहर लगाने का काम होगा। यह सत्र भले ही छोटा रहेगा लेकिन विपक्ष हमलों की तैयारी में हैं। सत्र की तारीख 18 दिसंबर और 26 दिसंबर संभावित हो सकती है। अगर बात 26 की करें, तो 27 और 28 को शनिवार और रविवार का अवकाश रहेगा। जिसके बाद में 29 और 30 दिसंबर को सदन की कार्यवाही के दौरान अहम मुद्दों पर बहस होंगी। 31 दिसंबर को कार्यवाही जल्द खत्म करने परंपरा पर इस बार भी कायम रहने की उम्मीद है। सियासी पारा सर्दी के बावजूद चढ़ा रहेगा इसमें दो राय नहीं है, विपक्ष के नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि पार्टी के सभी विधायक तैयारी हैं।*

### विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी काम में जुटे

विधानसभा सचिवालय और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अभी से तैयारी की जा रही है। विधायी कार्य और जवाब पहले से तैयार रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार के विधानसभा का सत्र छोटा भले ही रहे लेकिन सत्र कई राजनीतिक तूफानों का केंद्र बनने जा रहा है। विपक्ष संकेत दे चुका है कि खिलाड़ियों की मौत से लेकर कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक चूक तक हर मुद्दे पर सरकार को घेरा जाएगा। आठ दिसंबर को मुख्यमंत्रीकी अध्यक्षता में बैठक में सत्र को लेकर अंतिम फैसला होगा।

### खिलाड़ियों की मौत व अन्य मुद्दे भी छाए रहने की उम्मीद

*सत्र में सबसे पहले रोहतक के लाखनमाजरा गांव के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी और बहादुरगढ़ के अमन की पोल गिरने से दर्दनाक मौत का मुद्दा सदन में जमकर गूंजेगा। मामला खेल अवसंरचना और रखरखाव की बदहाली की पोल खोल रहा है। विपक्ष सरकार की लापरवाही करार देने की तैयारी में है। कांग्रेस की ओर से 'काम रोको प्रस्ताव' लाने की संभावना भी जताई जा रही है, ताकि इस केस पर सदन की पूरी कार्यवाही रोकी जाकर व्यापक चर्चा कराई जा सके। जांच रिपोर्ट ने संबंधित स्टेडियमों को खेल विभाग से बाहर का बताकर क्लीन चिट देने की कोशिश की थी, लेकिन खिलाड़ियों की मौत पर उठे जनाक्रोश और राजनीतिक दबाव के बाद खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम को सार्वजनिक रूप से कहना पड़ा कि किसी को क्लीन चिट नहीं मिलेगी। खिलाड़ियों की मौत के अलावा खेतों में लंबे समय से बने जलभराव, खराब फसल के मुआवजे में देरी और धान खरीद में हुए घोटाले में हैफेड अधिकारियों की भूमिका भी सत्र को गरमाएगी। पुलिस कर्मचारी की मौत का मामला भी उठ सकता है।*

## कुम्हार समाज को बर्तन बनाने पकाने के लिए भूमि आवंटन पत्र देने पर चल रहा मंथन

**चंडीगढ़।** प्रदेश में नगर निगमों, परिषद एवं पालिकाओं में शामिल गांवों में भी कुम्हार समाज के लोगों को बर्तन बनाने-पकाने के लिए निर्धारित जमीन के आबंटन पत्र देने पर सरकार विचार कर रही है । निकाय विभाग ने 4 दिसंबर 2025 को सभी सम्बंधित 87 इकाइयों में पत्र लिखकर गांवों में आँवे - पंजावें या कुम्हारधाना के लिए आरक्षित भूमि की 2 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। सरकार द्वारा अगस्त 2025 माह में प्रदेश के सभी गांवों में कुम्हार समाज के नागरिकों को बर्तन बनाने एवं पकाने के लिए जमीन के आबंटन पत्र वितरित किये गए थे तब यह आवाज उठने लगी थी कि विशेषकर नगर निगम में शामिल गाँवो में भी यह सुविधा प्रदान की जाये। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वर्तमान में सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए 18 अगस्त 2025 को पत्र भेजा था। राजीव जैन ने पत्र में लिखा था कि शहरों में भी समाज के लोग बर्तन बनाने एवं पकाने का काम करते हैं जिनके लिए कोई जगह उपलब्ध नहीं है, यह काम उन्हें सड़कों पर करना पड़ता है। इस कारण वायु प्रदूषण तो फैलता ही है साथ में सड़क पर भी रुकावटें खड़ी होती हैं। उन्होंने लिखा था कि अधिकांश लोग इस कार्य को छोड़ चुके थे परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किये जाने से फिर मिटटी के बर्तनों की मांग बढ़ रही ।

## फरीदाबाद में सीएनजी आधारित पशु श्मशान घाट शुरू, राजस्व मंत्री बोले- ये प्रोजेक्ट मॉडल बनेगा

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद के खेड़ी पुल के समीप पालतू एवं बेसहारा पशुओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार हेतु आधुनिक सीएनजी आधारित श्मशान घाट मुक्ति पथ का उद्घाटन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया गया। यह सुविधा शहर में पशु कल्याण, संवेदनशीलता और आधुनिक प्रबंधन का अनोखा संगम प्रस्तुत करती है।कैबिनेट विपुल गोयल ने कहा कि दया, करुणा और सहयोग जैसे मूल्य ही किसी समाज को श्रेष्ठ बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर हर जीव का समान अधिकार है और फरीदाबाद में स्थापित यह आधुनिक श्मशान घाट मानवता एवं सभ्यता के उच्च आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह केवल एक अवसंरचना परियोजना नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्यों, सम्मान, संवेदना और करुणा का सशक्त संदेश है। उन्होंने कहा कि मुक्ति पथ" की स्थापना फरीदाबाद को एक मानव-केन्द्रित और पशु हितैषी शहर के रूप में नई पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम, परियोजना से जुड़े अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

- पशुओं का सम्मानजनक तरीके से होगा अंतिम संस्कार



## मिल मालिक से 83.67 लाख की ठगी का आरोपी दबोचा

**टोहाना।** राइस मिल मालिक से 83.67 लाख की ठगी करने के मामले में जाखल पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान संदीप उर्फ मोनू पुत्र धरम सिंह निवासी मंगल कॉलोनी, करनाल के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में एक महिला आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि प्रार्थी ने बासमती चावल की 1499.70 क्विंटल मात्रा जिनकी कीमत 83 लाख 67 हजार 727 रुपये है।

### प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा की जेलों में कौशल विकास और पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों का उद्घाटन किया

**एक माह चलने वाले राज्यव्यापी नशा-रोधी जागरुकता अभियान का भी शुभारंभ किया**

# पुनर्वास केवल आशा पर नहीं, योजनाबद्ध प्रक्रिया पर आधारित होना चाहिए, प्रदेश के प्रत्येक जिले में बोर्ड गठित किए जाएं



**जिला जेल भोंडसी, गुरुग्राम से राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का हुआ आगाज़**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा ने सुधारात्मक न्याय के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जब राज्य की विभिन्न जेलों में एम्पावरिंग लाइव्स बिहाइंड बार्स रियल चेंज दी न्यू पैराडिग्म ऑफ करेक्शनल जस्टिस परियोजना के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं आईटीआई-स्तरीय व्यावसायिक कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश, माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा जिला जेल भोंडसी, गुरुग्राम में किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्य न्यायाधीश ने पंजाब, हरियाणा एवं यूटी चंडीगढ़ में एक माह चलने वाले राज्यव्यापी नशा-रोधी जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने संबोधन में कहा कि सुधारात्मक प्रणाली को मजबूत करने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास केवल आशा पर नहीं, बल्कि एक योजनाबद्ध प्रक्रिया पर आधारित होना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक जिले में पुनर्वास बोर्ड गठित किए जाएं, जिनमें प्रोबेशन अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं एवं मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हों, ताकि प्रत्येक रिहाई एक ठोस कार्ययोजना के साथ हो।

### जेल से बाहर आने पर व्यक्ति को उचित मार्गदर्शन मिले

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति जेल से बाहर आने के बाद उपयुक्त मार्गदर्शन, शिक्षा एवं कौशल समर्थन नहीं पाता, तो उसका समाज में पुनर्वास कठिन हो जाता है और कई बार वह दोबारा अपराध चक्र में फंस जाता है। उन्होंने कहा कि यदि जेल या जैसा वे कहना पसंद करते हैं "सुधार गृह" में शिक्षा, कौशल, मनोवैज्ञानिक समर्थन और पुनर्वास की संरचित व्यवस्था न हो, तो जेलें अनजाने में वंचनाओं को और गहरा कर सकती हैं। आज की सुधारात्मक न्याय व्यवस्था पुनरावृत्ति रोकने को रणनीति की जरूरत।

### प्रशिक्षण अर्थव्यवस्था के अनुरूप होना चाहिए

मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण भविष्य की अर्थव्यवस्था के अनुरूप होना चाहिए। डिजिटल कौशल, लॉजिस्टिक सेवाएँ और आधुनिक ट्रेड भविष्य का रास्ता हैं। उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि वे जेलों को अपनाने, अप्रेंटिसशिप देने और प्रशिक्षित कैदियों को रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग करें। उन्होंने ब्रिटेन में अपनाए गए एक अभिनव मॉडल का उल्लेख किया, जिसे बेंगलुरु की एक सॉफ्टवेयर कंपनी के सहयोग से विकसित किया गया है। इस मॉडल में कैदियों को निगरानी चिप लगाकर घर पर रहने की अनुमति मिलती है।

### रोहतक के लाखनमाजरा में बॉस्केटबॉल खिलाड़ी राठी की मौत का मामला

# ठेकेदार-लोक सेवकों के खिलाफ एफआईआर

**घटना के लिए खेल और पंचायती राज विभाग जिम्मेदार: हार्दिक के पिता**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लाखनमाजरा में बॉस्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है। अब खिलाड़ी के पिता संदीप राठी ने अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने हार्दिक के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले में जल्द ही जांच आगे बढ़ाएगी। खिलाड़ी के पिता संदीप राठी ने शिकायत में बताया कि उसका बेटा हार्दिक राठी बहुत ही मेहनती खिलाड़ी था।वह कई साल से प्रेक्टिस करने के लिए स्टेडियम में जाता था। इस दौरान 25 नवंबर को हार्दिक राठी की खेल स्टेडियम में बॉस्केटबॉल का अभ्यास करते समय मौत हो गई थी। स्टेडियम में बॉस्केटबॉल कोर्ट के अंदर पोल को जंग लगा हुआ था, जिसके कारण हादसा हुआ। खेल का प्रबंध करने की जिम्मेदारी खेल विभाग और पंचायती राज विभाग हरियाणा की है।

**हार्दिक के पिता की शिकायत पर कार्रवाई**

हार्दिक के पिता संदीप राठी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही मामले में जांच आगे बढ़ाते हुए घटना के प्रति जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।
-समरजीत सिंह, लाखनमाजरा एसएचओ

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा दी गई ग्रांट भी नहीं लगाई

शिकायत में बताया कि स्टेडियम की मरम्मत के लिए कई बार सरकार से आग्रह किया गया था लेकिन मरम्मत नहीं करवाई गई। इस दौरान रोहतक के कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने 18 लाख 50 रुपए की ग्रांट दी, लेकिन वह ग्रांट भी नहीं लगाई गई। उन्होंने कहा है कि पंचायत राज विभाग के कार्यकारी अभियंता और जिला खेल अधिकारी इस हादसे के लिए जिम्मेदार है, जिनकी लापरवाही के कारण हादसा हुआ। इसलिए आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी खेल विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए थे।

### इनकी भूमिका की भी जांच हो: संदीप

शिकायत में संदीप राठी ने कहा कि उनके जवान बेटे की मौत के कारण वह अपने होश में नहीं रहे। बॉस्केटबॉल कोर्ट में पोल लगाने वाले ठेकेदार और पोल लगाने की देखरेख करने वाले सरकारी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। क्योंकि घटिया स्तर के पोल लगाए गए थे, जो कुछ समय बाद जंग खा गए और पोल टूटकर उनके बेटे पर गिर गया। इन पोल का समय पर निरीक्षण न करके भी लापरवाही की गई। आरोपियों के खिलाफ आपराधिक लापरवाही का केस दर्ज किया जाए।



## नारनौल में एनएच 148 फ्लाईओवर से डंपर गिरने पर चालक की मौत

**नारनौल।** नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर गांव खानपुर के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। इस हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई, जो सोनीपत जिले का रहने वाला था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को क्रेन से उठाया। सोनीपत के निजामपुर माजरा गांव निवासी करीब 40 वर्षीय प्रदीप डंपर लेकर खानपुर के समीप से गुजर रहा था। जब वह अपने डंपर को लेकर नांगल चौधरी की ओर जा रहा था तो गांव खानपुर के जलेबी चौक के पास ड्राइवर डंपर से नियंत्रण खो बैठा, डंपर फ्लाइओवर से नीचे जा गिरा।

# बदमाशों ने गाड्र्स को बांधकर निर्माणधीन ईएसआई अस्पताल में की लूटपाट

**लाखों के कोपर वायर, कॉपर स्ट्रिप्स व प्लेट्स सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर 4-बी में स्थित निर्माणधीन ईएसआई अस्पताल परिसर में लूटपाट की बड़ी वारदात हो गई। यहां तेजधार हथियार के बल पर बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्डों को बंधक बनाकर लाखों रुपये के कोपर वायर, कॉपर स्ट्रिप्स व प्लेट्स सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

वारदात अस्पताल भवन के पीछे क्वार्टरों में बनाए गए स्टोर रूम में हुई है। जानकारी के अनुसार, पांच दिसंबर की रात को गार्ड ड्यूटी पर थे। रात करीब ढाई बजे चाय पीने के लिए वे मैस में गए। इसी दौरान पीछे की तरफ से कई बदमाश परिसर में दाखिल हुए। इनमें से चार लोगों ने तीन गार्डों के साथ मारपीट शुरू कर दी और मैस के अंदर चाकू के बल पर बंधक बना दिया। साथ ही शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश स्टोर रूम में गए और वहां से 20 कॉपर प्लेट, छह बंडल कॉपर स्ट्रिप्स, 37 हजार 600 मीटर कॉपर वायर उठा ले गए। लूटे गए सामान की कीमत 15 से 20 लाख बताई जा रही है। वारदात के बाद जैसे तैसे सिक्योरिटी गाड्र्स ने अपने अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। फिर पुलिस को सूचना दी गई।



**बहादुरगढ़।** अस्पताल के इस हिस्से में हुई लूट की वारदात।

**केस दर्ज कर की जा रही है छानबीन**

सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इंजीनियर राज किशोर की शिकायत पर पुलिस ने लूटपाट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रोजेक्ट मैनेजर नवदीप शर्मा ने कहा कि पीछे के रास्ते से 10 से 15 लोग आए थे। जिनमें से चार लोगों ने गार्डों को बंधक बनाया और वारदात की। वारदात से करीब 15 से 20 लाख का नुकसान हुआ है। जल्द ही मामले को सुलझाएंगे।
-सुरेंद्र, जांच अधिकारी


# अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

## आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

## आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


### खबर संक्षेप

## नशीली दवाएं बेचने का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस के एएनसी सेल नशीली दवाएं पकड़े जाने के मामले में मुख्य सप्लायर राकेश कुमार पुत्र बृजलाल निवासी रेगर बस्ती, रानी रोड, सिरसा को काबू किया है। इससे पहले इसी मामले में आरोपी हैप्पी पुत्र रूल्दू राम निवासी वार्ड नं. 1, शक्ति नगर, फतेहाबाद को कॉमर्शियल मात्रा में नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि हैप्पी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी सप्लाई चैन और सहयोगियों का पता लगाया। मुख्य सप्लायर राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।

### जुलाना: जजपा के स्थापना दिवस पर रैली में अजय चौटाला बोले

# कांग्रेस वाले वोट चोरी करते थे भाजपा वाले तो डाका मारने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद/जुलाना



जींद-रोहतक मार्ग पर ब्राह्मणवास गांव के पास जजपा के आठवें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित रैली में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। व्यापारियों को धमकी दी जा रही है। प्रदेश में सुरक्षा की किसी की गारंटी नहीं है। किसान मेहनत कर फसल पकाता है लेकिन बरसात के कारण फसल खराब हो जाती है। प्रदेश के मुखिया कहते हैं कि मुआवजा मिलेगा लेकिन कुछ नहीं मिलता। कुछ दिन पहले देश के प्रधानमंत्री प्रदेश में आते हैं लेकिन प्रदेश को पांच नए पैसे नहीं देकर जाते। प्रदेश को लूटने का काम किया जा रहा है और अपने घर भरने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस वोट चोरी की बात करती है। वोट चोरी किसने सिखाई। राई के विधायक की वोट चोरी की गई। कांग्रेस वाले वोट चोरी करते थे लेकिन भाजपा वाले तो डाका मारने लगे। रैली को दुष्यंत चौटाला ने भी संबोधित किया।

### अमिताभ बच्चन संग 3 एपिसोड में दिखेंगे

# केबीसी में आज नजर आएंगे नारनौल के गोल्ड मेडलिस्ट

**नारनौल।** हुडा सेक्टर एक वासी एवं इंजीनियरिंग गोल्ड मेडलिस्ट सचिन अग्रवाल को कौन बनेगा करोड़पति में मेगा सुपर स्टार अमिताभ बच्चन के सामने बैठकर इस प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला है। करीब एक हजार प्रतिभागियों में से सचिन का चयन हुआ है। वह केबीसी के 17वें सीजन के लगातार तीन एपिसोड में महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगे। 8 दिसंबर से इसकी शुरूआत होगी। सचिन के पिता संजय अग्रवाल खाद-बीज के व्यापारी हैं। सचिन की खुद की इच्छा बिजनेसमैन बनने की है, लेकिन वह आईएएस बनने के लिए फिलहाल सिविल सर्विसेज तैयारी कर रहा है। यहां बता दें कि सचिन अग्रवाल मूल रूप से सीमावर्ती गांव गोद बलाहा के रहने वाले हैं। 24 साल के सचिन की अभी शादी नहीं हुई है। उनके पिता खाद बीज के व्यापारी हैं। उनका गांव में ही रिलायंस का पेट्रोल पंप और एक तेल की मील भी है। सचिन इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं।



सचिन अग्रवाल।

### जबरन धर्म परिवर्तन कराने का मामला

# बिट्टू बजरंगी नजरबंद महापंचायत में जाने से रोका

**फरीदाबाद।** नूंह हिंसा के आरोपी और गोरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार पांचाल उर्फ बिट्टू बजरंगी को क्राइम ब्रांच की टीम ने घर में नजरबंद कर लिया है। वह आज पलवल में एक महापंचायत में शामिल होने के लिए जाने वाले थे। पलवल में नाबालिग हिंदू लडकी का जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यह महापंचायत हो रही है। पलवल पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान ने बताया कि मामले में पलवल पुलिस की तरफ से पांच आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में दूसरे लोग भी शामिल है। पुलिस उनको गिरफ्तार नहीं कर रही है। इसी को लेकर आज गांव में महापंचायत बुलाई गई है। राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी फरीदाबाद की संजय एन्क्लेव पर्वतीय कॉलोनी का रहने वाला है। बिट्टू बजरंगी उस वक्त सबसे ज्यादा सुर्खियों में आया, जब 31 जुलाई 2023 को नूंह में बृजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा हो गई। इस हिंसा को भडकाने में बिट्टू बजरंगी का भी नाम आया। इसके बाद नूंह के सदर थाने में बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ लाभ



**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 72,284.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टीसीएस और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। इस दौरान भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन बढ़ा।

### फिनो बैंक को एसएफबी में बदलने की मंजूरी



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (एफपीबीएल) को लघु वित्त बैंक (एसएफबी) में परिवर्तित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। फिनो पेमेंट्स बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 अवधि में लघु वित्त बैंक लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। फिनो पेमेंट्स बैंक का संचालन 2017 में शुरू हुआ था।

### यूरोपीय संघ ने मस्क के एक्स पर लगाया जुर्माना



**लंदन।** यूरोपीय संघ के नियामकों ने एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डिजिटल नियमों का पालन न करने के लिए 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया। यूरोपीय आयोग ने यह निर्णय दो साल पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के खिलाफ शुरू की गई जांच के बाद लिया है।

# जीरो बैलेंस अकाउंट वाले ग्राहकों की होगी मौज, फ्री में मिलेंगी ढेरों सुविधाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिससे जीरो बैलेंस अकाउंट रखने वालों को खूब मौज आने वाली है। रेगुलेटरी बैंक की ओर से देश के सभी बैंकों को जीरो बैलेंस रखने वाले ग्राहको को काफी सुविधाएं फ्री में देने का आदेश दिया है। आरबीआई ने बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट्स को मिलने वाली फ्री सर्सिवेज का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया है।

जिससे खासतौर पर स्टूडेंट, गरीब आदमी को फायदा होगा। साथ ही आरबीआई ने कहा कि बैंक जीरो खाते को काम चलाऊ न समझें और जो भी सेविंग अकाउंट का धारक व्यक्ति बीएसबीडी के लिए अप्लाई करे उसे 7 दिनों में बैंकिंग की पूरी सुविधाएं मिलेगी। ये नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे।

## नियम 1 अप्रैल 2026 से होंगे प्रभावित, कैश जमा करने व चैक की सुविधा भी मिलेगी

### ये मिलेंगी सुविधाएं

आरबीआई ने बताया है कि अब नए रूल से ग्राहकों को बिना किसी सालाना चार्ज के एटीएम या एटीएम-कम-डेबिट कार्ड मिलेगा। साल में कम से कम 25 पन्नों वाली चेक बुक, फ्री इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग और फ्री पासबुक या मंथली स्टेटमेंट भी मिलेगा। साथ ही, महीने में कम से कम चार बार पैसा निकालना फ्री होगा। इसके साथ ही डिजिटल पेमेंट जैसे कार्ड स्वाइप , निफ्ट, आरटीजीएस, यूपीआई और आईएमपीएस को इन चार बार की लिमिट में नहीं गिना जाएगा यानी ये सर्विसेज अलग से मिलेंगी।




### पैसे जमा करने की कोई रोक टोक नहीं होगी

*नए नियमों के मुताबिक, हर बीएसबीडी अकाउंट जिन्हें आसान भाषा में जीरो बैलेंस अकाउंट भी कहते हैं। उनमें कैश जमा करने, ऑनलाइन या चेक से पैसा मंगाने की सर्विस मिलेगी। इसके साथ ही, महीने में कितनी भी बार पैसा जमा करना है इस पर भी रोकटोक नहीं होगी। इससे जीरो बैलेंस पर खाता खुलवाने वालों को कोई बैंकिंग चुनौती का सामना नहीं करना होगा।*

### खाताधारकों से भेदभाव नहीं कर पाएंगे

बैंकों ने कहा था कि बीएसबीडी अकाउंट खोलने के लिए ग्राहकों की आय और प्रोफाइल के आधार पर कुछ शर्तें जोड़ी जाएं, लेकिन आरबीआई ने यह प्रस्ताव मानने से इनकार कर दिया। आरबीआई ने साफ कर दिया कि ये खाते सबके लिए और फाइनेंशियल इनक्लूजन यानी ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग से जोड़ने के लिए बनाए गए हैं। इसलिए बैंक बीएसबीडी खाताधारकों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं कर पाएंगे। अब इन ग्राहकों को भी वही सुविधाएं दी जाएंगी, जो बाकी खाताधारकों को मिलती हैं। केवाईसी और माइनर अकाउंट से जुड़े पुराने नियम पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

## सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में उभरा सोना

# सोने की चमक बरकरार, इस साल अब तक दिया लगभग 67 प्रतिशत रिटर्नः विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 16 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम और चढ़ सकती हैं।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश करना जरूरी है। दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

- सन 2026 में सोने की कीमत पांच से 16 प्रतिशत और चढ़ सकती है
- रुपए और डॉलर की दर में समान या रुपया कमजोर होने पर बढ़त संभव
- इस समय सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर बनी हुई
- एक जनवरी को सोने की कीमत 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम थी

### सोने ने दिया मजबूत रिटर्न

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक लगभग 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है।

### अस्थिर समय में भरोसेमंद साथी

वहीं भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है।'' उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉन्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है।''

*वैश्विक कारणों से निवेशक सोने की और हो रहे आकर्षित*

*आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक थॉमस स्टीफन ने कहा, ''वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की लगातार चिंताएं और ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने निवेशकों को सोने जैसी सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ओर आकर्षित किया है।*



*कीमत 1.45 से 1.55 लाख रुपए को पार कर सकती है*

*अगले साल के परिदृश्य के बारे में कलंत्री ने कहा, ''यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो भारत में सोने की कीमत 1.45 लाख से 1.55 लाख रुपये को पार कर सकती है।'' स्टीफन ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि आने वाले वर्ष में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी, क्योंकि जिन कारणों ने इस साल कीमतों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, उनके अगले वर्ष भी जारी रहने की संभावना है।''*

### निफ्टी में रिटर्न 6.7 फीसदी मिला

अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल के सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल दिसंबर 2025 की शुरुआत में लगभग 6.53 प्रतिशत रहा।

### मुद्रास्फीति चिंता का विषय

सोने की कीमत में आई तेजी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर कलंत्री ने कहा, वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता, डॉलर सूचकांक में कमजोर रुख,मुद्रास्फीति की चिंता और इसके खिलाफ सुरक्षा की आवश्यकता ने निवेशकों के लिए सोने में निवेश को आकर्षक विकल्प बनाया है।

# अमेरिका में महंगाई सितंबर में भी ऊंची बनी रही



एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

- फेड की ब्याज दरों में कटौती की राह आसान हुई
- शटडाउन के कारण रिपोर्ट देरी से आई

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों पर निर्णय लेने के लिए जिस महंगाई सूचकांक पर सबसे ज्यादा नजर रखता है, वह सितंबर में भी ऊंचा बना रहा, लेकिन इसमें बहुत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। इससे अगले हफ्ते फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की राह आसान हो गई है। वाणिज्य विभाग ने जारी रिपोर्ट में बताया कि सितंबर में मुद्रास्फीति अगस्त की तुलना में 0.3 प्रतिशत बढ़ीं। सरकारी ''शटडाउन'' के कारण यह रिपोर्ट पांच हफ्ते देरी से आई। पिछले महीने भी इतनी ही बढ़ोतरी हुई थी। खाने-पीने और ऊर्जा की अस्थिर कीमतों को हटा दें तो मुद्रास्फीति सितंबर में अगस्त से 0.2 प्रतिशत बढ़ीं। अगर यह रफ्तार साल भर चलती रहे, तो मुद्रास्फीति फेडरल रिजर्व के दो प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगी। पिछले साल की तुलना में सितंबर में कुल कीमतें 2.8 प्रतिशत बढ़ीं, जो अगस्त के 2.7 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है।

**खुली बोली**

रा.उ. वि. गामड़ी (3564) में दिनांक 12.12.2025 वार शुक्रवार समय प्रातः 11:00 बजे विद्यालय प्रागंण में चार कंडम कमरों की बोली की जानी है। अतः इच्छुक पार्टियां जो भी इस खुली बोली में भाग लेना चाहती है। समय पर विद्यालय प्रागंण में बोली में भाग लेने के लिए सादर आमत्रिंत है।

प्रधान एवं समस्त एसएमसी रा.उ. वि. गामड़ी — डी.डी.ओ श्रीमती अनीता कुमारी हस्ता/- मुख्याध्यापक रा.उ. वि. गामड़ी (3564)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आवास ऋण नौ लाख करोड़ रुपए के पार : एसबीआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहने की उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और उन्हें भरोसा है कि खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में जारी तेजी से चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहेगी। आरएएम खंड सितंबर में ही 25 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है। आर्थिक वृद्धि में सुधार को देखते हुए एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए ऋण वृद्धि लक्ष्य को पहले के 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। शेट्टी ने कहा, "हमने ऋण वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। अब यह 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत है। हमें मजबूत ऋण वृद्धि दिख रही है, खासकर आरएएम खंड में। एमएसएमई क्षेत्र में 17-18 प्रतिशत और कृषि तथा खुदरा में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। चेयरमैन ने बताया कि स्वर्ण ऋण में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जबकि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण में दो अंकों की वृद्धि होगी। कुछ समय से सुस्त चल रहा कॉर्पोरेट ऋण खंड भी दूसरी तिमाही में पुनः गति पकड़ता दिखा और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

*ब्याज दर घटने से ऋण सस्ते होंगे*

*शेट्टी ने कहा, ''कॉर्पोरेट ऋण के लिए हमारा अनुमान निचले दो अंकों में है। इस तरह कुल मिलाकर 12-14 प्रतिशत ऋण वृद्धि हासिल करना पूरी तरह संभव है। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 25 आधार अंक की और कटौती से ऋण सस्ते होंगे और नई मांग को बल मिलेगा।*

# आरबीआई ने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर किया दो प्रतिशत

एजेंसी ⏭ मुंबई



- रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए किया घोषित
- आरबीआई को मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। मुद्रास्फीति के लक्ष्य को लेकर 2016 में लचीली व्यवस्था अपनाये जाने के बाद पहली बार हेडलाइन (खुदरा) मुद्रास्फीति 2025-26 की दूसरी तिमाही में औसतन 1.7 प्रतिशत रही।

यह आरबीआई को दिये गये लक्ष्य के निचले स्तर दो प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो से छह प्रतिशत) रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। यह अक्टूबर 2025 में और भी घटकर केवल 0.3 प्रतिशत पर आ गई जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, 'मुद्रास्फीति में अनुमान से अधिक तेजी से गिरावट खाद्य कीमतों में सुधार के कारण आई। यह सितंबर-अक्टूबर के महीनों के दौरान देखी जाने वाली सामान्य प्रवृत्ति के उलट है। कीमती धातुओं द्वारा निरंतर मूल्य दबाव के बावजूद मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन को छोड़कर सीपीआई मुद्रास्फीति) सितंबर-अक्टूबर में काफी हद तक नियंत्रित रही।'

### जिंस की कीमतों में नरमी आने की संभावना

गवर्नर ने कहा कि कुछ धातुओं को छोड़कर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिंस की कीमतों में आगे चलकर नरमी आने की संभावना है। गवर्नर ने कहा, 'कुल मिलाकर मुद्रास्फीति अक्टूबर में लगाए गए अनुमान से कम रहने की संभावना है। इसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में गिरावट है।' इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए मल्होत्रा ने कहा कि 2025-26 के लिए खुदरा (सीपीआई) मुद्रास्फीति अब दो प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Aditya Saini**
Civil Judge (Junior Division), Rewari
**DHARAMPAL VS. OMBIR**
CNR No. HRRE02-001871-2018
Next Date : 06-01-2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**SUDHIR KUMAR RAI**
**Father:-RAM BABU RAI SON OF JANAK RAI GALI NO. 10, VIJAY NAGAR, REWARI, TEHSIL AND DISTRICT REWARI**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **06-01-2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- (Aditya Saini)
Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 07.12.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Aditya Saini**
Civil Judge (Junior Division), Rewari
**PAHLAD SINGH**
**Vs.**
**NAWAL SINGH**
CNR No. HRRE02-002035-2023
Next Date : 22-12-2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Sunil**
**Father:-Ram Chander**
**Vill-Malpura Dharuhera, Rewari**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **22.12.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- (Aditya Saini)
Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 03.12.2025

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# फेड के फैसले से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा
- पिछले सप्ताह शेयर बाजार में रही सुस्ती

अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर संबंधी फैसला इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के रूझान तय करने वाला प्रमुख कारक होगा। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक गतिविधियां और विदेशी निवेशकों का रुख भी बाजार की भावना को प्रभावित करेगा। पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में सुस्ती रही, जहां प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिना किसी खास बदलाव के बंद हुए। रिलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार 12 दिसंबर को आने वाले भारत के सीपीआई आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर ध्यान रहेगा, जो उभरते बाजारों की जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक रुपये की चाल पर भी नजर रखेंगे, जो पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे चली गई थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अब पूरी तरह 9–10 दिसंबर 2025 को होने वाली अमेरिकन फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर है।

### भारत-रूस के बीच यूरिया संयंत्र लगाने समझौता

**नई दिल्ली।** भारत की तीन उर्वरक कंपनियों आरसीएफ, आईपीएल और एनएफएल ने रूस की कंपनी यूरालकेम के साथ 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) की अनुमानित लागत से एक नया यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रूस के किसी शहर में लगने वाले इस संयंत्र की सालाना क्षमता 20 लाख टन होगी और इसके 2028 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है। भारत यूरिया का शुद्ध आयातक है और इस समझौते से उसे सुरक्षित और निश्चित आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6071



**बाएँ से दाए**


1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 6070 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |




गीता का पाठ करते साधु-संत

'पंच लाखों कंठे गीता पाठ' नाम से किया आयोजन

# कोलकाता में पांच लाख लोगों ने एक साथ किया गीता का पाठ मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत भी रहे शामिल

इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अग्निमित्रा ने कहा- गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों को देगी ज्ञान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं, साधुओं और साध्वियों ने कोलकाता के प्रसिद्ध ब्रिगेड परेड मैदान में विशाल भगवद गीता पाठ में हिस्सा लिया। भगवा वस्त्र पहने साधु एक साथ गीता की प्रतियों से श्लोक पढ़ रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।'पंच लाखो कंठे गीता पाठ' नाम से आयोजित यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति संसद की ओर से कराया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत शामिल हैं। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए है।

### धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को याद करना और धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इसे राज्य ही नहीं, शायद देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ माना जा रहा है। कार्तिक महाराज ने कहा, विभाजन के माहौल में आध्यात्मिक साधना शांति और दिशा दे सकती है।


आयोजक बोले- सामाजिक सद्भाव बढ़ाना मकसद

कोलकाता में गीता पाठ कार्यक्रम में शामिल लाखों लोग। ब्रिगेड परेड मैदान में साधु-संतों ने जगाई अलख।

### कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी ने किया

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन मेडिकल सेवाओं की विस्तृत व्यवस्था की गई है। 3 बड़े मंच बनाए गए हैं और कोलकाता के मध्य क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।आध्यात्मिक कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज कर रहे हैं, जबकि योग गुरु बाबा रामदेव सहित कई प्रमुख साधुओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन तब हो रहा है, जब एक दिन पहले हमायूं कबीर ने 'बाबरी मस्जिद-शैली' की मस्जिद की आधारशिला रखी। दिसंबर 2023 में 'एक लाख कंठों' का गीता पाठ आयोजित किया गया था। यह लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित किया गया था।

### तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए: संजय

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने चेतावनी जारी की। इस तरह के कदम चुनावी माहौल को और संवेदनशील बना सकते हैं। 'एक्स' पर संजय निरुपम ने बंगाल में जो लोग बाबरी मस्जिद बना रहे हैं, वे आग से खेल रहे हैं। भगवान राम और आक्रमणकारी बाबर को एक तराजू पर नहीं तौला जा सकता। जब हिंदू भावनाएं भड़केंगी तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए। ममता बेनर्जी समय रहते इस आग को बुझाएं, वरना उनकी पार्टी भी इसके लपेटे में आ जाएगी।



हुमायूं कबीर का ऐलान

### एक लाख लोगों के साथ हम करेंगे कुरान का पाठ



टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि वे फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' (कुरान का पाठ करना) का आयोजन करेंगे। इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को मांस और चावल का भोज देंगे। इसके बाद बाबरी मस्जिद को बनाने का काम शुरू होगा।

#### एआईएमआईएम के साथ लड़ेंगे चुनाव

कबीर ने कहा कि वह 22 दिसंबर को अपनी पार्टी बनाएंगे और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री की हुंकार

## भारत में हम तनानती नहीं, सनातनी चाहते हैं



इस गीता पाठ में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता इस देश और विश्व के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। भारत में हम सनातनी चाहते हैं, तनातनी नहीं। शास्त्री ने कहा कि बंगाल की पावन धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। आस्था का उत्साह और सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता ही इस देश और विश्व शांति का बड़ा माध्यम है। भारत में हम 'गजवा-ए-हिंद' नहीं, 'भगवा-ए-हिंद' चाहते हैं। गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसके माध्यम से पूरे विश्व में सामाजिक समरसता और एकता का भाव जागृत किया जा सकता है। गीता का ज्ञान महान है। गीता भारत की शान है और गीता ही भारत का स्वाभिमान है।

### हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता

हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। अगर हमारे मंदिर बनने पर कोई टिप्पणी करता है, तो अहंकार उजागर हो जाएगा।

### आज बंगाल काम करने के लिए तैयार: राज्यपाल



राज्यपाल सीवी आनंद बोस सामूहिक गीता पाठ के आयोजन पर उपस्थित हुए। उनके मुंह से गीता के शब्द सुनाई दिए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने बार-बार अर्जुन से कहा कि अर्जुन अपना काम करो और आज बंगाल काम करने के लिए तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि जब युवा पीढ़ी के लोग गीता का पाठ करना चाहते हैं, तो यह राष्ट्रीय गौरव का विषय बन जाता है।

## खबर संक्षेप

### 29,000 छात्र सार्वजनिक जीवन में आएं: गोयल



**नोएडा।** एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के वार्षिक दीक्षांत समारोह में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विवि का सबसे बड़ा योगदान प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने 29,000 छात्रों से सार्वजनिक जीवन में आने की बात भी कही।

### 24 रुपए रिफंड के फेर में गंवाए 87 हजार



**अहमदाबाद।** यहां एक महिला को 24 रुपए के रिफंड के चक्कर में करीब 87 हजार रुपए का नुकसान हो गया। चांदखेडा क्षेत्र की महिला ने जेप्टो से सब्जियां ऑर्डर की थीं, लेकिन छोटे बैंगन की जगह बड़े बैंगन मिलने पर वापसी की कोशिश की। सारी डिटेल दे दी।

### हवाई किराए पर नियंत्रण स्वागत योग्य: चिदंबरम



**नई दिल्ली।** इंडिगो उड़ानों में किराए पर नियंत्रण लगाने का फैसला किया है। इस कदम का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि जब तक एयरलाइन सेक्टर में केवल दो बड़ी कंपनियों का दबदबा है, तब तक किराए पर नियंत्रण जारी रहना चाहिए।

## शाह ने गुजरात में बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का किया लोकार्पण

नए डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर की रखी नींव

# डेयरी क्षेत्र के लिए कई योजनाएं चल रहीं, इस उद्योग को मिलेगी मजबूती

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र में बनास डेयरी द्वारा स्थापित नए बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता, जिनमें गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी और सहकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा मुरलीधर मोहोल उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्वेत क्रांति 2.0 के तहत डेयरी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन अवसंरचना विकास निधि, संशोधित राष्ट्रीय डेयरी योजना और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम जैसी बड़ी योजनाएं प्रारंभ की हैं, जो देश के डेयरी उद्योग को नई मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि बनास डेयरी का बायो-सीएनजी मॉडल देशभर की अन्य सहकारी समितियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र को दी सौगात


कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते गृहमंत्री शाह

### उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी

#### गोबर और डेयरी अपशिष्ट से किसानों की आय बढ़ेगी

इससे गोबर और डेयरी अपशिष्ट से जैव-उर्वरक, बायोगैस और बिजली तैयार होगी और किसानों की आय में कम से कम 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव होगी। शाह ने यह भी घोषणा की कि अब सहकारी डेयरियां अपना पशु-चारा स्वयं तैयार करेंगी ताकि लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे। उन्होंने अमूल को उच्च मूल्य वाले डेयरी उत्पादों की सूची भी भेजी है, ताकि वैश्विक बाजार में उनकी हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज, जैविक उत्पाद और कृषि निर्यात के लिए तीन नए राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संगठन बनाए हैं तथा तीन बहुराज्यीय डेयरी सहकारी समितियों को भी स्थापित किया है।

#### बनास डेयरी के लिए महिलाओं को दिया श्रेय

शाह ने बताया कि बनास डेयरी का कारोबार अब 24,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है और इस सफलता का बड़ा श्रेय बनासकांठा की महिलाओं को जाता है, जिन्होंने दूध संग्रह और सहकारी मॉडल को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। देशभर के लगभग 250 डेयरी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जनवरी में बनासकांठा का दौरा करेंगे ताकि इस सहकारी मॉडल को करीब से समझ सकें। नर्मदा और माही नदियों से जल लाने वाली परियोजनाओं के कारण बनासकांठा में बड़ा परिवर्तन आया है।

#### यह 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची

शाह ने एशिया की सबसे बडी बनास डेयरी को सहकारिता का सफल माडल बताते हुए कहा कि यह डेयरी 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची है। यह सफलता किसानों और पशुपालकों की मेहनत का परिणाम है।शाह ने विश्वास जताया कि आगामी पांच वर्षों में पशुपालकों की आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी।शाह ने शनिवार को बनास डेयरी के अध्यक्ष एवं गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी के साथ कई कार्यक्रमों में शिरकत की और बनास डेयरी की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।


नागरिकों से मिलते गृहमंत्री शाह

#### मिलकर काम करने का आह्वान किया

उन्होंने श्वेतक्रांति 2.0 को सफल बनाने और 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। शाह ने वाव-थराद जिले के सणादर डेयरी में बनास रेडियो स्टेशन, पोटैटो प्लांट और आइसक्रीम प्लांट का निरीक्षण किया।

#### दुग्ध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित किए गए

उन्होंने बताया कि गांव-गांव की दूध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित कर दिए गए हैं और भविष्य में इनके माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान शाह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी और सरदार वल्लभभाई पटेल के सहकारी आंदोलन में योगदान को भी याद किया।

पीएम ने की योगदान की अपील

## जवानों के साहस, बलिदान को किया नमन, उनसे देश प्रेरणा ले


पीएम को बैज लगाता सैनिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को सैन्य झंडा दिवस के अवसर पर देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सैन्य झंडा दिवस कोष में योगदान की अपील की। यह कोष युद्ध में घायल हुए सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैन्य झंडा दिवस पर हम उन बहादुर जवानों को नमन करते हैं जो अदम्य साहस और समर्पण के साथ देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा में लगे इन जवानों के अनुशासन, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को पूरे देश के लिए प्रेरणादायक बताया।

■ सैन्य झंडा दिवस

### देश जवानों का ऋण कभी नहीं चुका सकता: राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को सलाम किया। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों की निस्वार्थ सेवा देश की सुरक्षा का आधार है और राष्ट्र उनका ऋण कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे कोष में योगदान करें, ताकि जवानों और उनके परिवारों को मजबूत सहयोग मिल सके। रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने भी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शुभकामनाएं दीं और देश की सुरक्षा में उनके योगदान को सराहा। इसी प्रकार रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी नागरिकों से कोष में सहयोग करने का आग्रह किया।

#### इसका उद्देश्य जवानों के परिवार कल्याण के लिए धन एकत्र करना

सैन्य झंडा दिवस हर वर्ष 7 दिसंबर को 1949 से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि देना, सैनिकों के बलिदान को याद करना और जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए धन एकत्र करना है। इस दिन लोग झंडे खरीदकर और दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।

## तिवारी ने संसद में गैर सरकारी विधेयक प्रस्तुत किया

सांसदों को अपने विवेक से वोट का हक मिले

# पार्टी लाइन से हटकर वोट देने की आजादी होनी चाहिए, 'व्हिप' से मुक्ति भी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें अच्छे कानून बनाने के लिए संसद सदस्यों को व्हिप के झंझट से मुक्ति दिलाने की मांग रखी गई है। इसमें विधेयकों और प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान की इजाजत देने का अनुरोध किया गया है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक का मकसद यह पता लगाना है कि लोकतंत्र में प्राथमिकता किसकी होनी चाहिए- वह मतदाता जो अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए घंटों धूप में खड़ा होता है या वह राजनीति, जिसके व्हिप का पालन करने के लिए प्रतिनिधि मजबूर हो जाता है।



#### वंदे मातरम पर आज होगी चर्चा

वंदे मातरम पर संसद में सोमवार को होने वाली चर्चा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला हैऔर दावा किया है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एक्सपोज हो जाएंगे।

#### उद्देश्य भी बताया

तिवारी ने कहा कि इसका उद्देश्य संसद सदस्यों को अविश्वास और विश्वास प्रस्तावों जैसे सरकार की स्थिरता से जुड़े प्रस्तावों, स्थगन प्रस्ताव, वित्त विधेयकों और वित्तीय मामलों को छोड़कर अन्य विधेयकों व प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान करने की स्वतंत्रता देना है। सांसदों को विवेक, क्षेत्र के लोगों औरसमझ के आधार पर फैसले लेने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

## भारत मंडपम में 2 दिनी राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री खट्टर

# एआई और मशीन लर्निंग देश के विद्युत नेटवर्क को बदल देगी

### विद्युत व्यवस्था होगी तेज और उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकें आने वाले समय में भारत के विद्युत वितरण तंत्र को पूरी तरह बदल देंगी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने बताया कि ये तकनीकें बिजली नेटवर्क को अधिक स्मार्ट, उपभोक्ता-केंद्रित और स्वयं अनुकूल बनने में मदद करेंगी। उनके अनुसार एआई और मशीन लर्निंग से विद्युत व्यवस्था न केवल तेज होगी, बल्कि उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा। खट्टर ने "स्टैलर" नामक संसाधन पर्याप्तता योजना उपकरण को भी लॉन्च किया, जिसे केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने तैयार किया है।

स्टैलर संसाधन पर्याप्तता योजना भी लॉन्च



#### कटौतियां कम होंगी और लागत में भी कमी आएगी

खट्टर ने बताया कि स्मार्ट मीटर विश्लेषण, डिजिटल ट्विन, प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस, बिजली चोरी का पता लगाने वाली प्रणाली, उपकरण-स्तर की बिजली खपत की जानकारी, आउटेज पूर्वानुमान और जनरेटिव-एआई आधारित निर्णय-सहायता जैसे समाधानों से वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ सकती है। उइन तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली मिलेगी।

#### गलतफहमियों और अफवाहों से दूर रहें

खट्टर ने सभी वितरण कंपनियों, तकनीकी भागीदारों, नवाचारकर्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों से मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को लेकर फैल रही गलतफहमियों और अफवाहों को दूर करना जरूरी है।

#### एमपी ईस्ट'डिसकॉम' श्रेणी में विजेता बना

इस सम्मेलन में राष्ट्रीय नवाचार चुनौती के तहत 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें वितरण कंपनियां, एडवांस मीटरिंग सेवा प्रदाता, टेक्नोलॉजी कंपनियां और होम-ऑटोमेशन संस्थाएं शामिल थीं। कई चरणों की जांच के बाद तमिलनाडु की टीएनपीडीसीएल और मध्य प्रदेश की एमपी ईस्ट को 'डिसकॉम' श्रेणी में विजेता चुना गया।

## चिंतन

# इंडिगो अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाए

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस को एक बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उसकी हजारों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पायलटों और क्रू की कमी, नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का प्रभाव, और तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। एफडीटीएल नियमों के तहत पायलटों के उड़ान घंटों में कटौती और विश्राम अवधि में वृद्धि की गई है, जिससे इंडिगो को अचानक क्रू की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, एयरलाइन की नियोजन और मानव संसाधन प्रबंधन में कमियों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। फिलहाल डीजीसीए ने जांच शुरू की है और एयरलाइन को सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, एफडीटीएल नियमों में अस्थायी छूट भी दी है, ताकि एयरलाइन क्रू की कमी को दूर कर सके। सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एयरलाइन को तत्काल रिफंड जारी करने, फेयर कैप लगाने और यात्रियों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद हजारों यात्री रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस केंद्रीय विमानन मंत्रालय ने बताया कि रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ रुपये का रिफंड कर दिया है। साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3,000 से ज्यादा बैगेज भी लौटा दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट पूरी क्षमता के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो का यह संकट न केवल एक एयरलाइन की विफलता है, बल्कि यह नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन की कमियों को भी उजागर करता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही, इंडिगो को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना होगा और क्रू की कमी को तत्काल दूर करना होगा। पिछले करीब छह दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण हजारों यात्री फंसे, उड़ानें रद्द होने से यात्रा योजनाएं बिगड़ीं और कई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी और सरकार से कार्रवाई की मांग उठी। इंडिगो के सामने आने वाली मुश्किलें केवल उसके परिचालन हिस्से तक सीमित नहीं हैं। यह कहीं गहरे जाकर उस संरचना से टकराती हैं, जिस पर पूरा विमानन उद्योग टिके होने का दावा करता है। भारत जैसा तेजी से विकसित होता बाजार लगातार नए यात्रियों को जोड़ रहा है, लेकिन उस गति से एयरलाइन कंपनियों, हवाई अड्डों, तकनीकी प्रणालियों और मानव संसाधनों ने खुद को तैयार नहीं किया। परिणामस्वरूप, जैसे-जैसे उड़ानों का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हर छोटे व्यवधान का असर बड़ा और व्यापक होता गया। इंडिगो के मामले में यह असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया क्योंकि उसके बेड़े और नेटवर्क का आकार बाकी एयरलाइनों की तुलना में कहीं विशाल है। छोटे व्यवधान भी बड़े पैमाने पर यात्रियों को प्रभावित करते हैं। इंडिगो का संकट हमें याद दिलाता है कि विमानन सिर्फ आसमान में उड़ने की कहानी नहीं, बल्कि ज़मीन पर की गई सूझबूझ भरी तैयारियों का परिणाम है। यह क्षण इंडिगो के लिए चेतावनी भी है और सुधार का अवसर भी और उद्योग के लिए भविष्य की दिशा तय करने का समय भी है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चुनौतियों के बावजूद विकास दर बढ़ी

**भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।**

हाल ही में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है। महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपये और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपये के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निस्संदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे



रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बोधि दिवस
श्वेता गोयल




# हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोधन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया लेकिन सच्चा ज्ञान उन्हें तब मिला, जब वह बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे। यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है। बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी गहन ध्यान करते हैं, बौद्ध ग्रंथों का जाप और अध्ययन करते हैं और महात्मा बुद्ध की पूजा करते हैं। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक मंच प्रदान करता है, जहां लोग सामान्य भलाई के लिए काम करने के लिए एकजुट होते हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो। बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी गौतम बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं आज के मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।' यह उद्धरण हमें सिखाता है कि आज का क्षण ही सबसे महत्वपूर्ण है और हमें वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बुद्ध ने कहा है, 'हर सुबह हम नया जन्म लेते हैं। आज हम जो करते हैं, वही सबसे ज्यादा मायने रखता है।' यह विचार हमें प्रत्येक दिन को एक नई शुरुआत के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है और हमारे कार्यों के महत्व को स्पष्ट करता है। क्रोध और नकारात्मक भावनाओं से निपटने के बारे में बुद्ध का दर्शन विशेष रूप से मूल्यवान है। उन्होंने कहा है, 'आपको अपने क्रोध के लिए दंडित नहीं किया जाएगा, आपको अपने क्रोध द्वारा दंडित किया जाएगा।' बोधि दिवस हमें संदेश देता है कि हम सभी अपनी परिस्थितियों से परे जा सकते हैं, आत्मज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और एक अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

(लेखिका शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव कोई नाम नहीं



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
**प्रेरणा**

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कैसे रुकेगी रुपये की गिरती कीमत**

बीते बुधवार को हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र के लिए एक चिंता भरी खबर सामने आई, खबर यह थी कि हमारे देश के रुपए की कीमत में भारी गिरावट आई अर्थात यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग नब्बे के नीचे आ गया। हालांकि सरकार और आरबीआई इससे निपटने के लिए काम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह देश के लिए चिंता की बात है। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार और महंगाई के लिए भी टेंशन बढ़ाने वाली है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे देश के रुपए के गिरने का सिलसिला मोदी सरकार में ही नहीं, बल्कि जाने माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज में भी था। इस दिशा में ठोस समाधान तलाशने की जरूरत है। *- रमेश वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

**हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ**



आज जब भारत की ग्रोथ तेज है, तब इसे कोई हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। ये गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब ही था कि कभी भारत की कमजोर इकोनॉमिक ग्रोथ को हमारी आस्था तक से जोड़ा गया, फिर भी तथाकथित बुद्धिजीवियों को उसमें सांप्रदायिकता नजर नहीं आई।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**प्रदूषण नियंत्रण**



दिल्ली में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सैकड़ों स्प्रिंकलर गाड़ियां राजधानी के रिंग रोड की वाशिंग कर रही हैं। हम सबका मिशन एक है-प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध के लिए पूरी तरह सजग है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

**गोवा आग हादसा**



गोवा के अरपोरा में हुए भीषण आग हादसे में कई व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**विनम्र व्यवहार करें**



फ्लाइट में देरी होना निराशाजनक होता है, लेकिन उन चेहरों को याद रखें जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इंडिगो के कर्मचारियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें; रद्दीकरण का बोझ भी उन्हें ही उठाना पड़ता है।
**- सोनू सूद, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# चीनी विमान ने जापानी लड़ाकू विमान पर रडार किया लॉक



चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। 'रडार लॉक' का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर 'रडार लॉक' किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि 'रडार लॉक' करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है, क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### कोहली और वाशिंगटन ने की सिंहाचलम मंदिर में पूजा

**विशाखापत्तनम।** विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। अधिकारी ने बताया, ''कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।'

### डीआरएस लेने में मेरा आकलन सही नहीं: कुलदीप

**विशाखापत्तनम।** स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण



अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही, जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।

### नामीबिया क्रिकेट टीम के सलाहकार बने कर्स्टन

**नई दिल्ली।** भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रहे गैरी कर्स्टन को नामीबिया की राष्ट्रीय पुरुष टीम का सलाहकार नियुक्त किया गया है और वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मुख्य कोच क्रेग



विलियम्स के साथ काम करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कर्स्टन ने कहा, 'क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वास्तव में सौभाग्य की बात है। उनका नया अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम इस बात का प्रमाण है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनकी राष्ट्रीय टीमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करें।'

### युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय: गंभीर



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद कहा, 'वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारुप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'वे वही कर रहे हैं, जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।'



# मेस्सी ने दिखाया दम, मुलर पर पड़े भारी, इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी।



### इंटर मियामी की जीत में चमके मेस्सी

मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

### मेसी ने कॅरियर की 47वीं ट्रॉफी जीती

मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

# ब्रिस्बेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का जलवा इंग्लैंड को दी 8 विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए।

■ स्मिथ ने गाबा में पूरे किए 1 हजार टेस्ट रन



### इंग्लैंड की हार के लिए रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार

*इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे, जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी। इंग्लैंड के कप्तान ने 'बैजबॉल' की आक्रामक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाते हुए टीम की एशेज संभावनाओं को फिर से जीवित करने की कोशिश की। इंग्लैंड ने सुबह छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए उकसाया जा सके। स्टोक्स और विल जैक्स (41) ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह इंग्लैंड की हमेशा हर कीमत पर आक्रामक खेलने वाली मानसिकता से बिल्कुल अलग तरीका था क्योंकि इसकी पहले काफी आलोचना हुई थी।*

### आर्चर और स्मिथ के बीच हुई बहस

*ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने आर्चर की गेंद को लेग साइड में जोरदार पुल करके चौका मारा। ये शॉट इतने स्टाइल में था कि आर्चर को गुस्सा आ गया। अगली ही गेंद पर आर्चर ने 150 किमी/घंटे से ऊपर की रफ्तार वाली उछाल भरी गेंद फेंकी। स्मिथ अपर-कट मारने से चूक गए तो आर्चर उनके करीब आए और जोर-जोर से उन्हें कुछ बोलने लगे। स्मिथ बिल्कुल नहीं डरे नहीं। अगली दो गेंदों में ही उन्होंने आर्चर के 155 किमी/घंटे वाले बॉल पर 10 रन ठोक दिए। इसमें एक जोरदार छक्का भी शामिल था। छक्का मारने के बाद स्मिथ मुस्कुराते हुए आर्चर के पास गए और बोले, कुछ हो नहीं रहा होता तब ही तेज गेंद फेंकते हो यार!*

### माइकल नेसर ने लिए पांच विकेट

इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवा दिए और दूसरी पारी में 241 रन पर ऑल आउट हो गई। माइकल नेसर ने पांच विकेट लिए। स्टोक्स ने 148 गेंद में अपने 50 रन पूरे किए, जो उनके करियर का दूसरा सबसे धीमा अर्धशतक था। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला टेस्ट दूसरे दिन ही जीत लिया था। दूसरा टेस्ट कम से कम चौथे दिन तक चला। अब तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होगा और एशेज वापस पाने के लिए इंग्लैंड को जीत की जरूरत है। चौथा टेस्ट 'बॉक्सिंग डे' पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो इंग्लैंड की दूसरी इनिंग में माइकल नेसर ने सबसे शानदार गेंदबाजी की और 16.2 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट और ब्रैंडन डॉकेट ने एक विकेट लिया। बता दें कि पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट अपने नाम किए थे।



आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल

# सिमरनप्रीत ने स्वर्ण जीता ऐश्वर्य और अनीष को रजत

भाषा ▶▶| दोहा

युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया। विश्व चैंपियनशिप की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा के रजत पदक विजेता अनीश भानवाला ने भी साल का अंत शानदार तरीके से किया और दूसरा स्थान हासिल किया। जिससे भारत के पदकों की संख्या छह हो गई जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में चीन के बाद दूसरा स्थान बनाए रखा। चीन के पास तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हैं।

इस साल की शुरुआत में लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया। उन्होंने साथ ही विश्व जूनियर रिकॉर्ड की बराबरी भी की।



आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी भारतीय ईशा सिंह सातवें स्थान पर रहीं।

ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर क्वालिफिकेशन दौर में 581 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। क्वालिफिकेशन दौर में 21 साल की सिमरनप्रीत ने 585 के स्कोर से पांचवें स्थान से जबकि ईशा ने 585 के स्कोर से चौथे स्थान से फाइनल में जगह बनाई।

सिमरनप्रीत ने धीमी शुरुआत की जिसमें वह पहले पांच शॉट की सीरीज में तीन निशाने चूक गईं और आठवें (अंतिम) स्थान पर खिसक गईं। लेकिन उसके बाद उन्होंने वापसी की और तीन परफेक्ट '5' के शॉट लगाकर चीन की शीर्ष निशानेबाज और मौजूदा 10 मीटर एयर पिस्टल विश्व चैंपियन याओ कियानक्सुन (36 अंक से रजत) और जर्मनी की पूर्व विश्व चैंपियन डोरेन वेनेकैंप (कांस्य पदक) को पीछे छोड़ दिया।

### दिल्ली सरकार प्रतीका को देगी 1.5 करोड़ का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वार्ड्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता।



गुवाहाटी मास्टर्स

# 19 वर्षीय सारस्वत ने जीता सुपर 100 का खिताब



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह उप विजेता रहीं। पंजाब की 16 साल की खिलाड़ी पिछले हफ्ते सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक भी एकतरफा फाइनल में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई की छठी वरीय जोड़ी से 13-21 18-21 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

■ गुवाहाटी मास्टर्स में तन्वी रहीं उप विजेता

### पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत ने बनाई बढ़त

सारस्वत ने पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीता था और इससे पहले जूनियर एकल का खिताब भी जीता था। यह जोड़ी पिछले साल सितंबर में 31वें स्मिट कृष्णा खेतान मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 इवेंट में उपविजेता भी रही थी। अपने दाहिने पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत पहले गेम के शुरू में बढ़त बनाए थे। लेकिन मंजूनाथ ने 7-7 की बराबरी हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की गलतियों का फायदा उठाया। सारस्वत ने ब्रेक तक 11-9 की मामूली बढ़त बनाई हुई थी लेकिन आक्रामक शॉट्स लगाकर इसे 14-10 तक बढ़ा दिया। मंजूनाथ अपने प्रतिद्वंद्वी के क्रॉस-कोर्ट और डाउन-द-लाइन स्मैश को समझने में संघर्ष कर रहे थे, जिससे सारस्वत नौ गेम प्वाइंट तक पहुंच गए और आसानी से पहला गेम जीत लिया।

# जूनियर हॉकी विश्व कप: जर्मन दीवार को नहीं भेद सकी भारतीय टीम

## कांस्य पदक के लिए अर्जेंटीना से खेलेगी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

लचर डिफेंस और पहले ही हाफ में तीन गोल गंवाने का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा जब सात बार की चैम्पियन जर्मनी ने जूनियर हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में रविवार को मेजबान को 5-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।अब भारतीय टीम 10 दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जिसे स्पेन ने दूसरे सेमीफाइनल में 2-1 से हराया। जर्मनी के लिये लुकास कोसेल (14 वां और 30 वां मिनट) ने दो, वेक्स टाइटस (15वां), जोनास वोन गरसम (40 वां) और बेन हासबाश (49वां) ने गोल दागे जबकि भारत के लिये एकमात्र गोल अनमोल इक्का ने 51वें मिनट में किया। दो बार की चैम्पियन भारतीय टीम और जर्मनी के प्रदर्शन में जमीन आसमान का अंतर था जो मैच के हर क्षण में नजर आया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर भारी तादाद में भारत की हौसलाअफजाई करने आये दर्शकों को इस प्रदर्शन से भारी निराशा हाथ लगी। बेल्जियम को कड़े क्वार्टर फाइनल में शूट आउट में हराने वाली भारतीय टीम पर पहले ही क्वार्टर में ही जर्मनी ने दो गोल करके दबाव बना दिया। अपनी सटीक पासिंग के दम पर जर्मन टीम ने पहले तीन मिनट में ही जस्टस वारवेग की अगुवाई में भारतीय गोल पर तीन बार हमले बोले। जर्मनी को 14वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे बाद में पेनल्टी स्ट्रोक में तब्दील किया गया जिस पर लुकास ने आसान गोल दागा। पहला क्वार्टर खत्म होने में सात सेकंड बाकी थे तब भारतीय डिफेंडरों की सुस्ती का फायदा उठाकर कोच जोहानेस शिमत्ज की जर्मन टीम में बढत दुगुनी कर ली। गेंद जर्मन हाफ में ही थी जब एन किरिन ने सर्कल के बाहर दाहिनी ओर सटीक पास दिया और बीच में खड़े भारतीय डिफेंडरों को छकाते हुए वारवेग ने गेंद टाइटस को बायें फ्लैंक पर दी।

11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल का महासंग्राम

# फीफा वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान, टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी 48 टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया, जिसकी शुरुआत 11 जून से होगी। इस बार इस वर्ल्ड कप में कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और वॉशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 ग्रुप में कौन-कौन सी टीमें होंगी इसकी भी घोषणा कर दी गई।

### खेले जाएंगे 104 मुकाबले

फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होगा और ये टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक खेला जाएगा। इस बार 16 नई टीमें जुड़ रही हैं, जिससे टीमों की कुल संख्या 48 हो गई है। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में टीमों की संख्या 32 थी और पिछली बार 64 मुकाबले हुए थे तो वहीं इस बार कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ज्यादातर मैच अमेरिका में होंगे और फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



### डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच अल्जीरिया के साथ

फीफा विश्व कप 2026 का पहला मैच मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच एस्टाडियो अज्टेका में खेला जाएगा तो वहीं डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप अपने पहले मैच में अल्जीरिया से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों को ऑस्ट्रिया और जॉर्डन के साथ ग्रुप जे में रखा गया है। मौजूदा फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना और प्रमुख दावेदार स्पेन और इंग्लैंड को 2026 वर्ल्ड कप के लिए आसान ग्रुप मिले। वहीं फ्रांस को मुश्किल ग्रुप मिला। फुटबॉल के दो सबसे बड़े सुपरस्टार किलियन एमबापे (फ्रांस) और एर्लिंग हालैंड (नॉर्वे) की टीम एक ही ग्रुप का हिस्सा है। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ग्रुप एच में केप वर्डे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली टीमों के ग्रुप

- ग्रुप एः मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, यूईएफए प्लेऑफ डी
- ग्रुप बीः कनाडा, यूईएफए प्लेऑफ ए, कतर, स्विट्जरलैंड
- ग्रुप सीः ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड
- ग्रुप डीः यूएसए, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूईएफए प्लेऑफ सी
- ग्रुप ईः जर्मनी, कुराओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर
- ग्रुप एफः नीदरलैंड, जापान, यूईएफए प्लेऑफ बी, ट्यूनीशिया
- ग्रुप जीः बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- ग्रुप एचः स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
- ग्रुप आईः फ्रांस, सेनेगल, फीफा प्लेऑफ 2, नॉर्वे
- ग्रुप जेः अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
- ग्रुप केः पुर्तगाल, फीफा प्लेऑफ 1, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
- ग्रुप एलः इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा




## 5 दिवसीय भारत दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर

# रणनीतिक साझेदारी को करेंगी मजबूत, तकनीकी सहयोग पर होगा जोर

एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की अंडर सेक्रटरी ऑफ स्टेट फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसंबर तक भारत के दौरे पर रहेंगी। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है। इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। वह विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ 'फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।


एलिसन हूकर

व्यापार, रक्षा एआई और उभरती तकनीकों पर होगा ध्यान

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर होगी चर्चा

### दोनों देशों ने आतंकवाद पर सख्ती दोहराई

*हुकर के दौरे से पहले 3 दिसंबर को भारत-अमेरिका संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक और 7वीं डेजिग्नेशन डायलॉग में दोनों पक्षों ने आईएसआईएस, अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके समर्थकों और सहयोगियों पर संयुक्त राष्ट्र के 1267 प्रतिबंध सूची में और नाम जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों देशों ने पहलगाम (22 अप्रैल) और दिल्ली के लाल किला क्षेत्र (10 नवंबर) में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को सजा मिलनी चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकार का समर्थन नहीं मिलना चाहिए।*

### इसरो का करेंगी दौरा, कई मुद्दों पर होगा मंथन

नई दिल्ली के बाद हूकर बेंगलुरु जाएंगी, जहां भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा करेंगी और भारत के अंतरिक्ष व तकनीकी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच अनुसंधान, नवाचार और ऊर्जा क्षेत्र में संभावित नए सहयोग पर चर्चा होगी। बयान में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं के तहत यह दौरा 'मजबूत भारत-अमेरिका साझेदारी' और 'मुक्त व खुले इंडो-पैसिफिक' की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है।

### व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी बोलीं

## पुतिन से मोदी की वार्ता भारत का संतुलित कदम

व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी लिसा कर्टिस ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वागत का भारत का निर्णय मॉस्को और वाशिंगटन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने का सो समझा प्रयास है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब व्यापार शुल्क और नीतिगत बदलाव को लेकर अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव है।


लिसा कर्टिस

### आमंत्रण के पीछे अमेरिकी-पाक संबंध

कर्टिस के अनुसार, नई दिल्ली की कूटनीतिक रणनीति को वाशिंगटन के साथ हाल के टकरावों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। मई में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद अमेरिका द्वारा 50% टैरिफ लगाए जाने और पाकिस्तान की ओर झुकाव के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में जो गिरावट देखी गई है, उसी के कारण भारत ने राष्ट्रपति पुतिन को आमंत्रण दिया। इस तरह के किसी भी सहयोग के द्विपक्षीय संबंधों से कहीं आगे तक निहितार्थ हैं। रूस के चीन के साथ बहुत घनिष्ठ संबंध हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में 125 प्रमुख सीमा परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# सीमा सुरक्षा होगी मजबूत, वर्ष भर आवाजाही रहेगी, आखिरी छोर तक मिलेगी कनेक्टिविटी

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लद्दाख से सीमा सड़कों संगठन (बीआरओ) की 125 रणनीतिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। यह एक ही समय में उद्घाटित की गई सबसे अधिक परियोजनाएं हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 4 अन्य परियोजनाएं शामिल हैं, जो दो केंद्र शासित प्रदेशों-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर और सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में फैली हैं।

इन सभी परियोजनाओं को लगभग 5,000 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी मार्ग पर स्थित रणनीतिक श्योक सुरंग का उद्घाटन रहा। 920 मीटर लंबी यह कट-एंड-कवर सुरंग दुनिया के सबसे कठिन क्षेत्रों में बनी इंजीनियरिंग उपलब्धि मानी जा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुरंग अब पूरे वर्ष, खासकर कठोर सर्दियों के दौरान, सुरक्षित और भरोसेमंद आवाजाही सुनिश्चित करेगी। इससे दूरस्थ गांवों और अग्रिम सैन्य चौकियों तक आखिरी छोर की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और सुरक्षा व त्वरित तैनाती क्षमता में बड़ा सुधार आएगा।

*राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सीमा इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल सुरक्षा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़कें, सुरंगें, स्मार्ट फेंसिंग, एकीकृत कमांड केंद्र और निगरानी प्रणालियां देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं*

सभी परियोजनाओं की लागत लगभग 5,000 करोड़

सुरक्षा व त्वरित तैनाती क्षमता में बड़ा सुधार आएगा


सभी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### गलवान युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

रक्षा मंत्री ने समारोह में गलवान युद्ध स्मारक का वर्चुअल उद्घाटन भी किया, जो गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों के अप्रतिम साहस और बलिदान को समर्पित है। बीआरओ को तेजी और कुशलता से जटिल परियोजनाएं पूरी करने के लिए उन्होंने सराहा और कहा कि बीआरओ अब 'संचार' और 'कनेक्टिविटी' का पर्याय बन गया है।

### सड़कें-सुरंग सुरक्षा के स्तंभ

राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सीमा इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल सुरक्षा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़कें, सुरंगें, स्मार्ट फेंसिंग, एकीकृत कमांड केंद्र और निगरानी प्रणालियां देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं।

### रक्षा उत्पादन बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपये

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन, जो 2014 में 46,000 करोड़ था, अब बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा निर्यात भी 1,000 करोड़ से बढ़कर लगभग 24,000 करोड़ पहुँच गया है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2024-25 में बीआरओ ने 16,690 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड व्यय किया है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे कनेक्टिविटी

राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा की गई इस कार्रवाई की ऐतिहासिक सफलता मजबूत कनेक्टिविटी के कारण संभव हुई। उन्होंने कहा कि सेना, नागरिक प्रशासन और सीमा क्षेत्रों के लोगों के बीच सहयोग ही भारत की असली पहचान है।

## पाकिस्तान की सीमा पर फिर 'नापाक' हरकत

# एलओसी पर 68 टेररिस्ट लॉन्चपैड सक्रिय 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

आतंकियों को पनाह देने, उन्हें फंडिंग करने और अपने यहां प्रशिक्षण देने के मामले में पाकिस्तान को भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब कर चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

ताजा घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

*सीमा पर नाइट विजन कैमरे, ड्रोन निगरानी बढ़ाई*


सीमा पर निगरानी करते सुरक्षा बल के जवान फाइल फोटो




## खबर संक्षेप

### सोनम वांगचुक की याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की याचिका पर यह सुनवाई होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई है और इसे गैर-कानूनी और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है।

### भारतीय सिम पाकिस्तान में आईएसआई चला रही

**जयपुर।** श्रीगंगानगर से पकड़े गए जासूस प्रकाश ने पाक खुफिया एजेंसी के लिए 4 सिम खरीदे थे। उन नंबरों पर आईएसआई की महिला एजेंट ओटीपी हासिल कर वॉट्सएप चलाती थी। फिर उन्हीं भारतीय नंबरों से बॉर्डर एरिया में सेना के जवानों को हनीट्रैप का शिकार बनाती थी। खुफिया एजेंसियों ने मोबाइल खंगाला तो सेना की कई महत्वपूर्ण फोटो-वीडियो एजेंट को भेजे गए थे।

### लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर हमला

**लंदन।** ब्रिटेन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर रविवार सुबह पेपर स्प्रे से कई लोगों पर हमला होने के बाद हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने व्यक्ति को हमले के शक में गिरफ्तार कर लिया। हमले के बाद हड़कंप मचने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई और कई उड़ानें प्रभावित हुईं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि यह घटना आतंकवाद से जुड़ी नहीं है और घायलों की चोटें जानलेवा या स्थाई नहीं हैं। हमलावर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन पुलिस का मानना है कि यह आपसी झगड़े का मामला है, जिसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे।

### ताइवान के करीब चीन ने बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

**ताइवान।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को बताया कि उसके क्षेत्र के आस-पास चीनी सेना (पीएलए) के दो विमान उड़ान भरते हुए और सात नौसैनिक (पीएलएएन) जहाज गतिविधि करते हुए दिखाई दिए। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी देखा गया। मंत्रालय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज सुबह छह बजे (स्थानीय समयानुसार) तक ताइवान के आसपास पीएलए के दो विमानों और पीएलएएन के सात जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी पाया गया। ताइवान के रक्ष बलों ने स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया दी। शनिवार को ताइवान के आसपास चीनी सैन्य गतिविधियां बढ़ गईं।

### इजराइल-भारत के बीच सहयोग के अनंत अवसर, संबंध बेहद मजूबत

**यरुशलम।** इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यरुशलम में भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को बेहतरीन करार दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी।

## एनएसएस में बदलाव के लिए 29 पन्नों का दस्तावेज जारी

ट्रंप ने दस्तावेज को अमेरिका का रोडमैप बताया

# रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा अमेरिका ट्रंप बोले- यूरोप का वजूद खत्म हो रहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रंप की अमेरिका प्रथम नीति पर आधारित है। अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया। अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने अमेरिका के इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है।

■ नई नीति के अनुसार यूएस बेवजह युद्ध नहीं करेगा


दस्तावेज जारी करते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### यूक्रेन जंग खत्म कराना खास एजेंडा

दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास एजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है।

### नई नीति में 'जो फायदेमंद हो वहीं करो'

नया दस्तावेज ट्रंप के लचीले यथार्थवाद के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर आधारित होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा 'अमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करो'। दस्तावेज में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की विदेश नीति में फायदा देखते हैं। लेकिन सिद्धांत नहीं छोड़ते, ताकत का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सिर्फ अमेरिका के हित के लिए, दुनिया को सुधारने की जिम्मेदारी नहीं लेते।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25